# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

अपील संख्या :–370/2014

अशोक कुमार बाबेल

–अपीलार्थी

बनाम

1. प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार, सचिवालय, जयपुर।
2. प्रमुख शासन सचिव, जल संसाधन विभाग, राजस्थान सरकार, सचिवालय, जयपुर।

–प्रत्यर्थीगण

आदेश की दिनांक : 22.08.2024

उपस्थित –

अपीलार्थी की ओर से : कोई उपस्थित नहीं

प्रत्यर्थी विभाग की ओर से : कोई उपस्थित नहीं

समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य(न्यायिक)
शुचि शर्मा, सदस्य

## आदेश

1. इस अपील में अपीलार्थी ने यह तथ्य अंकित किये हैं कि अपीलार्थी के वर्ष 2008–09 के वार्षिक कार्य मुल्यांकन प्रतिवेदन में समीक्षक अधिकारी द्वारा ''बहुत अच्छे'' के स्थान पर केवल ''अच्छा'' अंकित किया गया है। इस प्रकार समीक्षक अधिकारी ने प्रतिवेदक अधिकारी की रिपोर्ट को डाउनग्रेड करते हुए ''बहुत अच्छा'' के स्थान पर केवल ''अच्छा'' अंकित कर दिया है। उपरोक्त तथ्य अंकित करते हुए अपीलार्थी ने निम्न प्रकार से प्रार्थना की हैः–

" It is, therefore, prayed that this appeal may kindly be allowed and

(i) by an appropriate order or direction the adverse remark "Good" given in the column meant for this by the Reviewing Officer may kindly be ordered to be made as "Very Good" and may be treated as "Very Good" for all purposes and the respondents may be directed to consider this remark in the APAR of 2008-09 as "Very Good" for all purposes and the respondents may be directed to consider this remark in the APAR as "Very Good" for all purposes and the appellant may be considered for promotion to the posts of Additional Chief Engineer and Chief Engineer by treating the APAR of 2008-09 as "Very Good".

(ii) Any other appropriate order or direction which may be considered just and proper in the facts and circumstances of the case may kindly be passed in favour of the appellant.

(iii) Costs of the appeal may kindly be awarded in favour of the appellant."

2. हमने अपीलार्थी द्वारा दिये गये तर्कों पर विचार किया एवं पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया।

3. हम पाते हैं कि अपीलार्थी ने इस अपील में अपने वार्षिक कार्य मुल्यांकन प्रतिवेदन में समीक्षक अधिकारी द्वारा दी गई रिपोर्ट को चुनौती दी है। हमारे मत में माननीय उच्च न्यायालय ने प्रकरण Tayyab Ali Vs State of Rajasthan 1988(2)WLN255 में निम्न प्रकार से मत व्यक्त किया हैः–

*"We are therefore, of the opinion that an adverse entry in the Annual Performance Appraisal Report or any order rejecting representation against the same is not included within the ambit of Sub-clause (v) of Clause (f) of Section 2 of the Act; and, therefore, an appeal to the Tribunal merely against such an adverse entry or an order rejecting the representation against the same does not lie under the Act. We are also of the opinion that even though such an adverse entry or an order rejecting the representation against the same by itself is not appealable to the Tribunal as already stated, yet the correctness thereof can be assailed by the Government Servant while challenging any consequent order based on or influenced by it relating, to any of the matters specified in the several sub-clauses of Clause (f) of Section 2; and in that event the limitation for appeal to the Tribunal will be reckoned from the date of the consequent order and not the date of the adverse entry or the order rejecting the representation against it. We answer the above quoted question accordingly."*

4. उपर्युक्त न्यायिक दृष्टांत से स्पष्ट है कि इस अधिकरण के समक्ष वार्षिक कार्य मुल्यांकन प्रतिवेदन में दी गई रिपोर्ट को चुनौती नहीं दी जा सकती है।

5. उपरोक्त विवेचना के आधार पर हम इस अपील में कोई बल नहीं पाते हैं। अतः अपील खारिज की जाती है।

(शुचि शर्मा)
सदस्य

(अनन्त भंडारी)
सदस्य(न्यायिक)